मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 18/12/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --606/2025
18 दिसंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन०आई०टी०) जमशेदपुर के निदेशक प्रो० (डॉ०) गौतम सूत्रधर ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 29 दिसम्बर 2025 को आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन०आई०टी०), जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को उन्होंने अवगत कराया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री को उन्होंने दीक्षांत समारोह की चल रही तैयारियों से अवगत कराया। दीक्षांत समारोह में लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएगी।

==========

#Team PRD(CMO)